राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

दिनांक 30–06–2015

–: प्रेस नोट :–

आयोग द्वारा दिनांक 26.08.2012 को **राज्य पात्रता परीक्षा, 2012** आयोजित की गई थी एवं इस परीक्षा का परिणाम दिनांक 31.07.2013 को घोषित किया जाकर 7316 अभ्यर्थियों को प्रोविजनली उत्तीर्ण घोषित किया गया था।

राज्य पात्रता परीक्षा, 2012 के जिन अभ्यर्थियों ने 1163 विस्तृत आवेदन पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किये है अथवा विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत किये जाने वाले संलग्नको यथा शैक्षणिक योग्यता स्नातकोत्तर परीक्षा की पूर्वाद्व व उत्तरार्द्व की अंक तालिका व उपाधि या अस्थायी प्रमाण पत्र की फोटोप्रति एवं जाति प्रमाण पत्र, विंकलांगता प्रमाण पत्र एवं मूल निवास प्रमाण पत्र की मूल प्रतियां (Original) मय फोटो प्रति आयोग कार्यालय को प्रस्तुत नही की है, वे अभ्यर्थी वांछित दस्तावेज आयोग कार्यालय में दिनांक 10.07.2015 तक सांय 6.00 बजे तक (व्यक्तिशः/डाक) द्वारा आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें ।

दिनांक 10.07.2015 तक **राज्य पात्रता परीक्षा 2012** के विस्तृत आवेदन पत्र व वांछित दस्तावेज प्रस्तुत नही करने पर आयोग द्वारा उनकी अस्थायी पात्रता रद्द कर दी जाएगी । इसके पश्चात इस संबंध में प्राप्त किसी भी अभ्यावेदन/प्रार्थना पत्र पर कोई कार्यवाही नही की जाएगी ।

जिन अभ्यर्थियो द्वारा पूर्व में विस्तृत आवेदन पत्र/दस्तावेज प्रस्तुत कर दिए गए है, उन्हे दुबारा प्रस्तुत करने की आवश्यकता नही है ।

(नरेश कुमार ठकराल)

सचिव